卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 195 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦ 25 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस

### भाजपा-कांग्रेस अध्यक्षों को जारी किया गया नोटिस, 29 अप्रैल तक मांगा जवाब

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। पहली बार चुनाव आयोग ने विवादित चुनावी भाषणों पर सख्त रवैया अखित्यार करते हुए भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी और धर्म, जाति, संप्रदाय और भाषा के नाम पर लोगों के बीच नफरत फैलाने और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग ने इस मामले में जन प्रतिनिधि कानून की धारा 77 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के आचरण के लिए पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है और दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को अपने उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों के आचरण की जिम्मेदारी लेनी होगी। खासकर शीर्ष पदों पर बैठे लोगों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान ऐसे भाषण और भी चिंताजनक है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। दरअसल पीएम मोदी ने बीते दिनों राजस्थान में एक रैली के दौरान कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री (शेष पेज सात पर)



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट बने राज्यसभा सदस्य

### उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में ली शपथ

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आज राज्यसभा के सदस्य बन गए हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद आज संसद भवन में शपथ ली। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। बता दें कि उत्तराखंड से खाली एक सीट के लिए महेंद्र भट्ट ने 15 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किया था। नाम वापसी का समय बीतने के बाद उनके निर्वाचन की घोषणा कर दी गई थी। शपथ ग्रहण करने के बाद राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने महामहिम उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति माननीय (शेष पेज सात पर)



## टेम्पों की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर, दो घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: सिडकुल में अनियंत्रित टेम्पो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया। इस दुर्घटना में टेम्पो चालक व उसमें सवार एक नशेड़ी यात्री को भी मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार आज प्रात: अटरिया मंदिर के पास का निवासी अनिल कोली पुत्र रमेश अपनी स्कूटी संख्या यूके 06 बीए7947 पर सवार होकर अपनी पत्नी को सिडकुल में एक फैक्ट्री में छोड़कर वापस घर लौट रहा था। मार्ग में वी गार्ड चौक पर पीछे से तेज गति से आ रहे टेम्पो में नशे की हालत में सवार एक सिडकुल कर्मी हल्द्वानी निवासी हेमराज पुत्र (शेष पेज सात पर)



## फोरेंसिक लेब हेड के पुत्र की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों हल्द्वानी में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए रूद्रपुर विधि विज्ञान प्रयोगशाला के प्रमुख हल्द्वानी निवासी डा0दयाल शरण के पुत्र की दिल्ली के एम्स में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसके



निधन का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस महकमें में भी शोक की लहर व्याप्त हो गई। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर विधि विज्ञान प्रयोगशाला के प्रमुख हल्द्वानी निवासी डा0दयाल शरण (शेष पेज सात पर)

## दवा लेकर लौट रहे व्यापारी पर फायर झोंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि तेल मिल रोड़ पर दवा लेकर लौट रहे व्यापारी पर मामूली बात पर साथियों के साथ नशे की हालत में घूम रहे युवक ने फायर झोंक दिया। जिससे व्यापारी बाल बाल बच गया। उसने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई । जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों कों पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार शारदा कालोनी निवासी दीपक बत्रा पुत्र हरीचन्द्र की गल्ला मंडी में श्रीराम कास्मेटिक्स नाम से दुकान है। उसने बताया कि गत रात्रि वह कालोनी निवासी ही दुकान के दो कर्मचारियों के साथ अपनी दवा खरीद कर पैदल घर वापस लौट रहा था। मार्ग में एक निजी स्कूल के पास कुछ युवक नशे की हालत में (शेष पेज सात पर)

## ससुर ने दामाद पर किया हमला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक युवक ने अपने ससुर पर साथियों के साथ उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। आकाश शर्मा पुत्र रामवीर शर्मा निवासी फुलसुंगा वार्ड एक थाना ट्रांजिट कैंप का कहना है कि लगभग 3 वर्ष पूर्व उसने व जेपी नगर वार्ड एक, फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प निवासी युवती ने प्रेम विवाह वनशक्ति मंदिर पर किया था। वह टैम्पू चालक है। कल 24 अप्रेल को सांय शिमला बहादुर से टैम्पू लेकर डुक्स कम्पनी आईआईई, सिडकुल पंतनगर की ओ रहा था कि सिडकुल में स्थित(शेष पेज सात पर)

## नानकमत्ता थानें में शिकायतों के बाद नही हो रहें मुकदमें दर्ज

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना नानकमता में कारसेवा तरसेम सिंह की निर्मम हत्;ा के बाद थाने में फरियादियों की सुनवाई नही हो पा रही है। सभी मामलों का निपटारा करा दिया जा रहा है। एक माह में सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर कच्ची शराब व कुछेक मुकदमें दर्ज हुए है। थाना नानकमत्ता वैसे तो आसपास संवेदनशील माना जाता है। जहां क्राईम का रेसो में ज्यादा होता है। लेकिन एक माह के अंतराल में पुलिस फरियादियों के मुकदमें दर्ज करने से बच रही है। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या में व्यस्त पुलिस ने फरियादियों की सुनवाई के लिए थाने में प्रवेश बंद कर बाहर ही टेंट लगा महिला पुलिसकर्मी को तैनात कर दिया था। अब थाने से ही सुनवाई हो रही है। लेकिन सभी मामलें को रफा दफा कर दिया जा रहा है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे है।

## आरक्षण के इंतजार में चेयरमैन दावेदारों की बड़ी धड़कनें

### नगर पंचायत में सामान्य व जनजाति सीट पर कई दावेदार ठोक सकते हैं ताल

-अनिल सागर-

नानकमत्ता। नगर पंचायत चुनाव की आहट शुरू हो चुकी है लेकिन आरक्षण न होने से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की धड़कने तेज है। चेयरमैन का चुनाव लड़ने की हसरतें पाले कई दावेदार आरक्षण का इंतजार कर रहें है। हालांकि सामान्य सीट के दावेदार खासे सक्रिय है। निर्वतमान चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना समान्य व पिछड़ी सीट के प्रमुख दावेदार है। नगर पंचायत का कार्यकाल दिसम्बर माह में खत्म होने के बाद शासन द्वारा नगर पंचायतों में प्रशासक तैनात कर दिए गए थे। हाईकोर्ट में दिए हलफनामें में सरकार ने 6 माह के अंदर चुनाव कराने की हामी भरी है। ऐसे में प्रशासकों का कार्यकाल 4 माह का होने जा रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की आचार सहिता के बीच या खत्म होते ही जून के अंतिम सप्ताह तक चुनाव करा लिये जायेंगे। नगर पंचायत चेयरमैन का चुनाव लड़ने की हसरतें पाले कई नेताओं को आरक्षण का इंतजार है। पहली बार नगर पंचायत जब अस्तित्व में आई तब प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष पद समान्य सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी प्रेम सिंह टुंरना विजयी हुए थे। नगर पंचायत के दूसरे कार्यकाल में तस्वीर बदल गई है, अब कांग्रेस से जीते प्रेम सिंह टुरना कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए है। वह भाजपा से भी अपनी प्रवल दावेदारी जता रहें है। हालांकी भाजपा मभी समान्य सीट पर कई दावेदार है, पिछली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े राजन चौहान समेंत पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश जोशी,कांग्रेस(शेष पेज सात पर)



## पूर्व विधायक राणा का चुनाव में होगा सीधा दखल

नानकमत्ता। भाजपा से प्रत्याशी कौन होगा, इसमें सीधा दखल पूर्व विध ायक प्रेम सिंह राणाा का होगा। वर्तमान में भाजपा के समान्य व जनजाति के प्रत्याशी उन्ही के सम्पर्क में है। प्रेम सिंह टुरना भाजपा में नए है, इसलिए अभी पूर्व विधायक उनकी कितनी पैरवी करते है, ये भविष्य बताएंगा, लेकिन इतना तय है कि पूर्व विधायक अपनी पंसद का प्रत्याशी लाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। पिछला चुनाव उन्होंने राजन चौहान को लड़ाया था।

## कांग्रेस को मजबूत प्रत्याशी की तलाश

नानकमत्ता। पिछला नगर पंचायत चुनाव काग्रेंस से लड़े प्रेम सिंह टुरना के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस को मजबूत प्रत्याशी की तलाश है। चर्चा है की कांग्रेस भाजपा से ही किसी को तोड़कर कांग्रेस से चुनाव लड़ा सकती है। पिछड़ी जाति की सीट आने पर राय सिक्ख समाज के प्रत्याशी पर कांग्रेस की खासकर नजर है। राय सिक्ख समाज का नगर पंचायत में अच्छा खासा वोटर है। वही वैश्य समाज व पर्वतीय समाज को वोटर भी अच्छा खासा महत्व रखता है। अब कांग्रेस के उम्मीदवार की तलाश तेज हो गई है।

# वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण और संवर्धन करें : मुर्मु

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय वन सेवा के 2022 बैच की दस महिला प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रदान किये पदक

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में प्रशिक्षणरत व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भारतीय वन सेवा के परिवीक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने परिवीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ-साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि पृथ्वी की जैव-विविधता एवं प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हमें अति शीघ्र करना है। वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और जलवायु की आपातकालीन स्थिति को देखते हुए प्रशिक्षार्थियों के पाठ्यक्रम में यथोचित संशोधन करने पर विचार करें। विश्व के कई भागों में वन संसाधनों की क्षति बहुत तेजी से हुई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से हम क्षति-पूर्ति तेज गति से कर सकते हैं। विभिन्न विकल्पों का आकलन करके भारत की ारित होती है। इस समाज के लोग प्रकृति का संरक्षण भी करते हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सदियों से जनजातीय समाज द्वारा संचित ज्ञान के महत्व को समझा जाए और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए उसका उपयोग किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय वन सेवा के सभी अधिकारियों को भारत के वन धरोहर के संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नए योग्य नेतृत्व का उत्थान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय वन्य जीवन और वन्यजीव अध्ययन में उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्था के रूप में, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी ने अपने क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। है। उत्तराखण्ड के आम जन मानस वनों को देवतुल्य स्थान देते हुए इन्हें पूजते हैं, वास्तव में वनसंरक्षण के मामले में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। भारतीय वन सेवा एक सम्मानित सेवा है जिसके साथ राष्ट्रसेवा की गौरवशाली परंपरा जुड़ी है। पश्चिमी घाट के घने जंगलों से लेकर विशाल हिमालय तक,






पदक प्रदान किये। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय वन सेवा के 2022 बैच के सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस बैच में 10 महिला अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीक हैं। राष्ट्रीय वन अकादमी की पर्यावरण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय वन सेवा के अधिकारियों पर जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये अधिकारी अपने इस अप्रतिम दायित्व के प्रति सजग और सचेत होंगे एवं पूर्ण निष्ठा से संवर्धन के जरिए मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है। भारतीय वन सेवा के श्री पी. श्रीनिवास, श्री संजय कुमार सिंह, श्री एस. मणिकन्दन जैसे अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राण न्योछावर किए हैं। देश को भारतीय वन सेवा ने बहुत अधिकारी दिये हैं, जिन्होंने पर्यावरण के लिए अतुलनीय कार्य किए हैं। उनकी चर्चा बहुत सम्मान से की जाती है। उन सभी को आप अपना रोल मॉडल बनाएं एवं उनके दिखाए आदर्शों पर आगे बढ़ें। राष्ट्रपति ने भारतीय वन अकादमी के विशेषज्ञों से अपेक्षा की कि भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास रथ के दो पहिये होते हैं परंपरा और आधुनिकता। आज मानव समाज पर्यावरण संबंधी कई समस्याओं का दंश झेल रहा है। इसके प्रमुख कारणों में विशेष प्रकार की आधुनिकता है, जिसके मूल में प्रकृति का शोषण है। इस प्रक्रिया में पारंपरिक ज्ञान को उपेक्षित किया जाता है। जनजातीय समाज ने प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपने जीवन का आधार बनाया है। जनजातीय जीवन शैली मुख्यत: प्रकृति पर आध प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन ही नहीं करना है, बल्कि परंपरा से संचित ज्ञान का मानवता के हित में उपयोग करना है। आधुनिकता एवं परंपरा का समन्वय करके वन संपदा की रक्षा करनी है तथा वनों पर आधारित लोगों के हितों को आगे बढ़ाना है। जब भी आप किसी दुविधा में हों, तब आप संविधान के मूल्यों और भारत के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर फैसला लें। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह के अवसर पर कहा कि यह समारोह हमारे राष्ट्रीय इस संस्था ने वन्य जीवन के प्रबंधन, और संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानकों को स्थापित किया है और नए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड, हिमालय की गोद में बसा हुआ है, जो इसे प्राकृतिक सौंदर्य की एक अतुलनीय धरोहर प्रदान करता है। उत्तराखंड अपनी समृद्ध और विविध वन संपदा के लिए जाना जाता है। हमारे राज्य की प्रमुख संपत्ति इसके वन हैं, जो बहुत समृद्ध जैव विविधता का घर हैं। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड जड़ी-बूटियों और सुगंधित पौधों की कई दुर्लभ प्रजातियों का घर सुंदरवन के मैंग्रोव क्षेत्रों से लेकर राजस्थान की मरुभूमि तक, आप अनेक विविधतापूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को उस ज्ञान, कौशल और मूल्यों से परिपूर्ण किया गया होगा, जिसके बल पर वे प्रत्येक परिस्थिति में हर कसौटी पर खरे उतरेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, वन महानिदेशक और विशेष सचिव श्री जितेन्द्र कुमार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक श्री जगमोहन शर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# समाजसेवी खरबंदा ने जागरूक मतदाताओं को वितरित किया 75 कुंतल गेहूं का पुरस्कार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा द्वारा चलाये गये मतदाता जागरूक अभियान सिंह खरबंदा द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से यह से लक्की ड्रा निकालकर 10 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5-5 कुंतल गेहूं एवं 23 विजेताओं को एक क्विंटल गेहूं के रूप में द्वितीय पुरस्कार वितरण



किया गया। इस घोषणा के तहत श्री खरबंदा ने सोशल मीडिया से प्रतिभागियों में से विजेताओं का चयन करते हुये उनके नाम की घोषणा की गई थी। श्री खरबंदा ने आज तमाम समाजसेवियोंकी उपस्थिति मेंविजताओंको

के तहत 10 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5-5 कुंतल गेहूं और 23 विजेताओं को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1-1 क्विंटल गेहूं वितरित की गई। यहां आपको बता दे कि समाजसेवी जसविंदर अभियान चलाते हुये घोषणा की गई थी कि नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में कोई भी मतदाता जो मतदान कर उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम में अमिट स्याही का निशान की फोटो भेजेगा, उसमे गेहूं का वितरण किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र जी, सीए हरनाम चौधरी, सीए अशोक सिंघल, समाजसेवी सुशील गाबा, मनीष अग्रवाल, हरीश ठुकराल, किशन ग्रोवर समेत सभी विजयी प्रतिभागी मौजूद थे।

# भट्ट के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच गौरी ने दी बधाई

दिल्ली (उद संवाददाता)। दिल्ली में आज राज्यसभा भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा सांसद की शपथ ली। इस शपथ ग्रहण समारोह में रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी वहां पहुंचे और शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात उन्होंने राज्यसभा सांसद और उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को बुके भेंट कर शुभकामनाएं दी। श्री गौरी ने उनसे आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर चर्चा की। गौरतलब कि उत्तराखंड से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुए थे । जिसके तहत आज दिल्ली स्थित राज्यसभा भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे ।शपथ ग्रहण समारोह को बाद रुद्रपुर के भाजपा नेता गौरी ने भी सांसद भट्ट से मुलाकात की और उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। गौरी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व के साथ-साथ श्री भट्ट को राज्यसभा सांसद के रूप में भी कार्य करने का मौका



मिलेगा। जिससे राज्य का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने सांसद भट्ट से नगर निगम चुनाव को लेकर भी चर्चा की और उनसे आग्रह किया कि वह रुद्रपुर में भी अपना एक कार्यक्रम रखें। ताकि कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ जाए। सांसद भट्ट ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करना भाजपा की रीति नीति है। क्योंकि कार्यकर्ताओं के बदौलत ही भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत से चुनाव में जी जान लगा दिया। जिसके तहत उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट पर भाजपा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर हरीश जोशी, वीरेंद्र कुमार, विनीत पंत आदि मौजूद थे।

# अमरजीत एनकाउंटर केस की मजिस्ट्रीयल जांच करने के आदेश

हरिद्वार। नानकमत्ता गुरुद्वारे के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में शूटर और मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू की पिछले दिनों भगवानपुर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ में गोली लगने से मौत हो गई थी। अब मामले की मजिस्ट्रीयल जांच की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए एसडीएम भगवानपुर जितेंद्र कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। जबकि प्रारंभिक जांच के लिए पहले ही रुड़की सीओ को जांच



अधिकारी बनाया गया था। बीते 28 मार्च की सुबह बाइक सवार शूटरों ने नानकमत्ता में डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने षड्यंत्र में शामिल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि शूटर और मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी ग्राम सिहौरा, थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी को बाइक पर जाते हुए भगवानपुर क्षेत्र के इमली रोड छंगामजरी रोड पर पुलिस व एसटीएम की टीम ने पीछा कर रोकने की कोशिश की थी। तब उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। दूसरा बदमाश सर्वजीत सिंह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। जवाबी फायरिंग में उसे कई गोलियां लगी थी, अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में सीओ एसटीएफ ऋषि बल्लब चमोला ने थाना भगवानपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। इसकी प्रारंभिक जांच सीओ रुड़की नरेंद्र पंत को सौंपी गई। एसएसपी की ओर से प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच कराने की अपेक्षा की गई। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने एसडीएम जितेंद्र कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। एसडीएम ने बताया कि जांच में किसी व्यक्ति को कोई अभिलेख या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना है तो विकास खंड कार्यालय भगवानपुर में आकर प्रस्तुत कर सकता है।

# आबादी क्षेत्र में मांस काटते तीन गिरफ्तार

काशीपुर। गैर कानूनी ढंग से भैंस का मांस काट रहे तीन लोगों को कुंडा पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान मौके से पुलिस को मांस काटने के औजार भी मिले। जानकारी के मुताबिक अवैध गोकशी को लेकर चलाए गए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस मांस कारोबारियों की टोह ले रही थी इसी दौरान ग्राम सरवरखेड़ा के आबादी वाले क्षेत्र में तीन लोग धारदार हथियार से भैंस का मांस काटते रंगे हाथ पकड़े गए। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने घर के अंदर काटने के लिए बांधी गई एक काटिया (भैंस का बच्चा) को पुलिस द्वारा मुक्त कराया गया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में अवैध तरीके से मांस काटते पकड़े गए तीनों ने अपना नाम ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुंडा निवासी मुनव्वर हुसैन पुत्र अब्दुल शकूर, मोहल्ला कुरेशियान फतेहुल्लाह गंज तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी फहीम पुत्र शकील तथा तीसरे ने अपना नाम वार्ड नंबर 15 गुलाब बाड़ी भोजपुर धर्मपुर मुरादाबाद निवासी कासिम पुत्र जमील बताया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने मौके



से 135 किलोग्राम भैंस का मांस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मांस काटने में प्रयुक्त दो छुरी, दो कुल्हाड़ी, एक दरांती छूरी में धार लगाने वाली कील तथा रस्सी बरामद किया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पकड़ी गई तीनों मांस कारोबारी के खिलाफ पुलिस ने धारा 429 भा0द0वि व 11 (क) (ड)(च)(ठ) पशु क्रूरता अधिनियम एवं धारा 25 (1-ख)ख आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की अपराधिक कुंडली खंगाली जा रही है। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ विक्रम सिंह राठौर के अलावा मंडी चौकी इंचार्ज मनोहर चंद्र, कांस्टेबल हरीश प्रसाद त्रिलोक सिंह आदि शामिल रहे।

# पेयजल लाइनों के लीकेज को बन्द करायें : डीएम

## शहरो, कस्बो, गांवो में पेयजल उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

रूद्रपुर( उद संवादाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागर में बैठक लेते हुये कहा कि गर्मी का सीजन है जनमानस को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पेयजल महकमे अपनी पेयजल लाइनो के लीकेज को बन्द कराये ताकि पानी की बरबार्दी को रोका जा सकें। उन्होने कहा कि सभी पेयजल महकमे जिन शहरो, कस्बो, गांवो में पेयजल समस्या आ रही है उन्हे चिन्हित करते हुये सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाए करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर बिजली की सप्लाई की वजह से जनता को पेयजल सुचारू रूप नही मिल पा रहा है उन क्षेत्रों में विद्युत विभाग से वार्ता कर विद्युत सप्लाई समय बढाकर ओवर हैड टैंको को भरकर पेयजल उपलब्ध कराया जाये। उन्होने कहा जिन कस्बों, गांवो



में जनसंख्या दबाव बढ़ने व पुरानी पेयजल लाईन कम ब्यास की है व पुरानी होने के कारण लिकेज भी है जिससे पानी की आपूर्ति पुरी नही हो पा रही है एसे क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पेयजल महकमो को निर्देश दिये कि पेयजल टैंको की सफाई कराने के साथ ही पेयजल में क्लोरीन डालकर पानी सप्लाई सुचारू करें। उन्होने निर्देश दिये कि पेयजल महकमे के सभी अभियन्ता अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल सुचारू उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। जहां कही भी पेयजल की कमी आती है तो अभियंता स्वंय क्षेत्र में जाकर पेयजल समस्या का निदान वैकल्पिक व्यवस्थाओं से कराना सुनिश्चित करेगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह, अधिक्षण अभियन्ता पेयजल मृदुला सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीएन चौधरी, जल संस्थान रूद्रपुर तरूण शर्मा, खटीमा अजय कुमार, काशीपुर नरेन्द्र रैखाड़ी, सहायक अभियन्ता एलएम पाण्डे, कमल किशोर सहित पेयजल महकमे के अधिकारी मौजूद थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

## जनहित संस्था ने विद्यार्थीयों को लेखन सामाग्री बांटी

हल्द्वानी। जनहित संस्था, नैनीताल द्वारा मल्लीताल स्थित राजकीय प्राईमरी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थीयों को लेखन सामाग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था संरक्षध्क जगमोहन सिंह बिष्ट व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी द्वारा संस्था द्वारा नैनीताल में समय-समय किये जा रहे कार्यक्रमों का विस्तार से अवगत कराया गया । यह कार्यक्रम संस्था द्वारा निर्धन अध्धयनरत विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के उध्देश्य से किया गया। संस्था के अध्यक्ष के अलावा अन्य अधिकारी भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रह चुके हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरण के उपरांत छात्र-छात्राओं के मध्य अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के सहयोग एक ईमामी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग्यशाली छात्रा कु० फिजानूर का नाम( पर्ची के माध्यम से) घोषित किया गया। उक्त भाग्यशाली छात्रा फिजानूर को संस्था के अध्यक्ष द्वारा 1000/- रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के अलावा उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव महेश चंद्र आर्य, उपाध्यक्ष दिव्या साह, भोला दत्त तिवारी, श्रीमती रीता बिष्ट, प्रदीप कुमार साह, महेश चंद्र पाठक, सुदर्शन साह, श्रीमती देवकी कुंवर, वकील्उद्दीन, विजय साह, जी०के०ए गौरव बब्बी, मनोज सनवाल, प्रोफेसर ललित तिवारी, प्रमोद सहदेव, नंद लाल, भुवन कुमार आर्य, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता साह, विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## युवक को गुलदार ने बनाया निवाला

रूद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बच्छणस्यूं पट्टी के नौखू गांव के एक युवक का शव गांव से लगभग एक किमी दूर झाड़ियां से मिला है। शव का सिर और एक पैर गायब था। ग्रामीणों का कहना है कि युवक को गुलदार ने अपना निवाला बनाया है। हालांकि कुछ ग्रामीण हत्या की भी आशंका जता रहे हैं, लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। युवक बीते सोमवार से लापता चल रहा था। जानकारी के मुताबिक नौखू गांव निवासी अनिल सिंह (35) पुत्र बीरेंद्र सिंह गांव में अकेला रहता था और सोमवार को गहड़खाल बाजार में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब आठ बजे वह घर के लिए निकल गया था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। मंगलवार को भी जब वह अपने घर नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। युवक के परिजनों को भी इसकी जानकारी दी गई। बुधवार को ग्रामीणों को प्राथमिक विद्यालय गहड़खाल से 200 मीटर नीचे कपलखील पैदल मार्ग पर झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। शव का एक पैर और सिर गायब था। शव को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे किसी वन्यजीव ने उसे अपना निवाला बनाया है। ग्रामीण गुलदार होने की आशंका जता रहे हैं। राजस्व उप निरीक्षक प्रवीण कुमार चातुरी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की पहचान अनिल सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल को देखकर ज्यादा आशंका वन्यजीव द्वारा ही युवक को मारने की है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया 14 वां पंचायती राज दिवस

सितारगंज। एसएम पब्लिक स्कूल में 14 वॉ पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड ग्राम पंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल उपस्थित रहे। दिनेश स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने पंचायती राज के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। ग्राम पंचायत स्तर से स्कूली छात्र-छात्राओं को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार



से समझाया। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भुवन चन्द्र भट्ट, प्रधानाचार्य डॉव मनिंदर सिंह गुलाटी, ,उप प्रधानाचार्य टी एस जीना मौजूद रहे। उपस्थित अध्यक्ष महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मनिंदर सिंह गुलाटी जी,उप प्रधानाचार्य श्री टी एस जीना, प्राइमरी इंचार्ज रश्मि चौहान और करमजीत कौर द्वारा बच्चों को पंचायती राज के विषय में समझाया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सुमनदीप कौर ने भी पंचायती राज के विषय में अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकार सुरेश चंद्र जोशीने किया।

## अधेड़ व युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से एक युवक तथा अधेड़ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला अल्ली खां मरकज मस्जिद के समीप निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद यामीन बीते 19 अप्रैल को परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चला गया। देर तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर युवक की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। इसी तरह एक अन्य मामले में कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र से 55 वर्षीय अधेड़ उम्र व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। बताया जा रहा है कि बीते 23 अप्रैल को कुंडेश्वरी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद 55 वर्ष पुत्र चिरंजी लाल सुबह सवेरे अचानक घर से गायब हो गया जिसका अब तक कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

## दूधिया नगर से किशोर लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में दूधिया नगर निवासी एक किशोर लापता हो गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।किशन पाल मोर्या पुत्र स्व. राम लाल मोर्या निवासी दूधियानगर वार्ड 13 का कहना है कि 23 अप्रैल की सुबह उसका पुत्र 15 वर्षीय पुत्र सूरज मोर्या जोकि बिना बताये घर से कही चला गया है। उसका आस पडोस व अपने सभी रिश्तदारो में पता किया परन्तु उसका कुछ पता नहीं चल पाया। सूरज पाल मोर्या का फोन भी बंद जा रहा है।



उसे डर है कि पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना न घट जायें।

## चोरों ने गोरखनाथ मंदिर को बनाया निशाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने प्रीत विहार स्थित गोरखनाथ मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर के दानपात्र से हजारों की नगदी और मंदिर में रखा डेक चोरी कर ले गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बाबूराम नाथ पुत्र स्व० छोटे नाथ, प्रीत विहार नंबर 2 का कहना है कि वह गौरखनाथ मन्दिर में पुजारी है। बीती रात समय करीब 12 बजे अज्ञात चोर मन्दिर का ताला तोड़कर मन्दिर के अन्दर रखी डेक कीमत 15 हजार रुपए और दान पात्र को चोरी करके ले गये है। दानपात्र में भी करीब 2500 रुपए रखे हुए थे। उसका कहना है कि देर रात नशेड़ी लड़के मन्दिर के आस पास घूमते है। मन्दिर के बाहर लोग जुआ खेलते है। जब भी वह इन लोगो से कुछ कहता है तो ये लोग उसके साथ लड़ाई झगड़ा करते है और मारने पीटने की धमकी देते है। इससे पहले उसका मोबाइल फोन, पानी की मोटर चोरी हो चुके है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार बाइक भिड़ंत में चार लोग घायल

गदरपुर( उद संवाददाता) । तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 एंबुलेंस वाहन से रुद्रपुर जिला अस्पताल राहगीरों की मदद से भिजवाया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार जाफरपुर धौलपुर के बीच एन एच 74 राष्ट्रीय राज मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने काशीपुर की तरफ से आ रही कार विपरीत दिशा से आ रही बाइक से भिड़ गई । प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार संख्या यू के 06ए पी 3755 पलटते हुए छोटे से गड्ढे को पार करके खेतों में जा गिरी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ,वही सामने से विपरीत दिशा से आ रही बाइक संख्या यूके 0313 जी 8215 से कार भिड़ गई जिससे बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया वही कार में सवार दो पुरुष एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए जो कि सितारगंज की तरफ जा रहे थे प्रत्यक्ष दर्शियों के



अनुसार बाइक विपरीत दिशा से जा रही थी जिसे बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार पलट कर दुर्घटनाग्रस्त एवं क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार एक महिला सहित तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें 108 वाहनघ के जरिए रुद्रपुर जिला अस्पताल भेजा गया । तपती गर्मी और धूप में भी जागरूक राहगीरों ने अन्य वाहन में घायलों को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया तभी 108 वाहन के पहुंचने पर उसमें घायलों को बैठक रेफर कराया गया।

## इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मनाया फ्रान्कोफोन फेस्टिवल

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में फ्रान्कोफोन फेस्टिवल मनाया गया जिसमें कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि श्री कपिल अकोलिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा द्वारा किया गया। कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रसिद्द फ्रेंच सान्ग ‘आलूऐथ’ और ‘आलोर-ओं-दोंस’ पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए टंग टिव्स्टर, कविता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पेंटिग का आयोजन किया गया। इस फेस्टिवल को सन् 1880 से मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का फ्रेंच भाषा के प्रति रूझान बढ़ाना है। फ्रेंच न सिर्फ फ्रांस में बोली जाती है बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों में बोली जाती है।



सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 के विद्यार्थियों राइली, वैष्णवी, रितिका, राहुल और रूद्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ्रेंच अध्यापिका सुश्री महिमा नंदा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।





# बालाजी दे नाल सानू प्यार हो गया, बालाजी मैं मालामाल हो गया

## हनुमान जयंती पर श्री नीलकंठ धाम में सजा बालाजी दरबार,श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हनुमान जयंती पर श्री नीलकंठ धाम, चैरीटेबल ट्रस्ट शैलजा कालोनी द्वारा श्री नीलकंठ धाम में श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों द्वारा भजन गाकर श्री बाला जी महाराज की महिमा का गुणगान करते हुये भक्तों को देर रात तक झूमने के लिये मजबूर कर दिया। श्री बाला जी महाराज के भव्य दरबार का शुभारम्भ पुर्नवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डालचंद एवं भाजपा प्रदेश मंत्री व नीलकंठ धाम के मुख्य सेवक विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से पावन ज्योति प्रज्जवलित कर किया। उसके पश्चात कन्या पूजन कर ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भजन गायक रितेश मनोचा ने बाला जी दे नाल प्यार सानू हो गया, मेला खुशियां दा,छम छम नचदा मां अंजनी दा लाल, प्रेम से बोलो हैप्पी बर्थडे, रंग चढ़ गया मां दा लाल, भजन गायक संजीव शर्मा ने जय जय जय बजरंगबली, पावन सजा है दरबार, भजन गायक सौरभ वार्ष्णेय ने आना है आना है आज तुम्हें हमारे घर आना है आदि भजन सुनाकर उपस्थित बाबा भक्तों को तालियां बजाते हुए झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं भजन गायक कलाकार पवन खनिजो, विनीत अरोरा, वंशिका मनोचा ने भी बाबा के भजनों का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान चिड़िया खेड़ा की महंत श्रीमती पानश्री पाठक, श्री तुलसी धाम के प्रमुख राजेंद्र महाराज, श्री प्रेम आश्रम की निष्ठा बाई जी, संत विक्रमजीत सिंह जी, पिपली जंगल से आए सोमानंद महाराज जी आदि संतों का मुख्य सेवक विकास शर्मा और श्री नीलकंठ धाम, चैरीटेबल ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भव्य दरबार के बीच श्री बाला जी महाराज की चौकी भी आयी और भक्तों ने महाराज जी से आर्शीवाद भी प्राप्त किया गया। देर रात तक चले भव्य दरबार में सभी बाबा भक्त बैठकर बाबा का गुणगान करते रहे। दरबार में काफी संख्या में भक्त एवं भक्तानिया मौजूद रही। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, राजकुमार खनिजो, नरेंद्र अरोरा, डॉक्टर प्रदीप अदलखा, गुरमीत सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,पूर्व मेयर रामपाल सिंह, उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, सुरेश कोली, भारत भूषण चुघ, सुनील ठुकराल, संदीप अनेजा, गुलशन छाबड़ा,उपेंद्र चौधरी, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, अशोक सिंघल, हरनाम चौधरी, मनीष अग्रवाल, मनोज सिंघल, गगन वाधवा, नरेश सागर, तरुण दत्ता, हिमांशु शुक्ला, विपिन जल्होत्रा, भरत शाह,संदीप चीमा, मोहन तिवारी, आशु ग्रोवर, रोहित ग्रोवर, सौरभ गाबा, पम्मी सुखीजा, सचिन खुराना, जगदीश बठला, हरवेष मनोचा, संदीप मनोचा, सनी खुराना, राहुल सरीन, गौरव खुराना, हनी, करुण गुप्ता, अनुज पाठक, अशोक राजपूत, दीपक शर्मा, ललित नारंग, मुकेश शर्मा, प्रवेश बब्बर, दिलीप अधिकारी,बिट्टू बब्बर, नरेश शर्मा, मोहित अरोरा, पवन खनिजो, विनीत अरोड़ा, सचिन, पवन रंगीला, अमन खुराना, मनोज छाबड़ा, राजकुमार फुटेला, नेत्रपाल मोर्या, अजय अनेजा, आशीष छाबड़ा, अभिषेक गुप्ता, रोहित मदान, जितेंद्र संध ु, बिट्टू, रजत गंगवार, संदीप बाल्मिकी, नरेश राठौर, आदेश भारद्वाज, गीता शर्मा, इंद्रजीत कौर, नीलू खुराना, नेहा अरोड़ा, पूनम मदान, श्वेता पाठक, प्रिया मनोचा, रेखा अरोरा, स्वेता रंगीला सहित भारी संख्या में बाबा भक्त मौजूद रहे। भव्य दरबार के साथ विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया था, जो देर रात तक चलता रहा।





# श्री हनुमान जन्मोत्सव में मोना मेहता ने मचाई धूम





सितारगंज( उद संचाददाता)। श्री बालाजी मंडल सितारगंज के सौजन्य से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार केशव नगर नहर पार सितारगंज में सजाया गया। इस शुभ अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया दरबार का शुभारंभ सर्वप्रथम ज्योत प्रज्वलित के साथ गुरु वंदना, गणेश वंदना, हनुमान चालीसा,श्री प्रेतराज सरकार की आरती व आज मंगलवार है से शुरू हुआ । वहीं दरबार में रामनगर काशीपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, रुद्रपुर, लालपुर, किच्छा, नानकमत्ता, बहेड़ी बरेली, रामपुर,मिलक आदि क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने दरबार में अपनी हाजरी लगायी । फिर हुआ दरबार का सिलसिला शुरू जिसमें हरियाणा फतेहाबाद की टी-सीरीज की प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता ने देव हजारो सबसे है डिफरेंट बालाजी हर बिगड़े काम बनाते हैं अर्जेंट बालाजी, बालाजी से मिला तो यह कमाल हो गया मैं तो रातों रात मालामाल हो गया, ना धन दौलत में मांगू ना ही वोट बालाजी बस थारे नाम की चाहिए मने सपोर्ट बालाजी, हम देख तेरा दरबार,दीवाने हो गये, चलो मेहंदीपुर दरबार बाबा मने प्यारो लागे मने प्यारो लागे, मैं के बोलूं बालाजी तने सब बाता का फेरा से पिछले साल बड़े तारे पर अब के नंबर मेरा से, मेहंदीपुर के रण रंगी सालासर के बजरंगी दोनों भक्तों



के रखवाले हैं, सेवक नहीं है हनुमान के जैसा दाता नहीं श्रीराम के जैसा, श्री राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, राम बस्ता मेरे में मेरा राम बस्ता आदि भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस में गोते लगाने को मजबूर कर दिया वही रुद्रपुर से पहुंचे भजन गायक अमन सांवरिया ने राम मेरे घर आएंगे आएंगे जी आएंगे,जय जय हनुमान जय हो बजरंग बली, सालासर वाले बाबा तेरा चर्चा हो गया से, भोले की बारात चली सज धज के, सूरज को उगने ना दूंगा लक्ष्मण को मरने न दूंगा, मां तुझे सलाम वंदे मातरम वंदे मातरम आदि भजन सुनाकर भक्तों का दिल जीत लिया। वही दरबार में सुंदर-सुंदर झांकियां का भी आयोजन किया गया वही दरबार में रुद्रपुर से पहुंचे पूर्व विधायक अनुज संजय ठुकराल व बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा सहित सभी सदस्यों को शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया । फिर श्री राम जी, श्री बालाजी,श्री भैरव जी की आरती के पशचात जल के छींटे मंडल के पंडित द्वारा दिए गये फिर बाबा को भोग लगाकर मंडल द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सितारगंज केशव नगर मंडल के अध्यक्ष बजरंग गर्ग,रुद्रपुर पूर्व विधायक अनुज संजय ठुकराल, रुद्रपुर बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा, सुमित सहगल, तुषार आहूजा, गर्वित मुंजाल, कपीश सुखीजा, नरेश ग्रोवर,बिट्टू ग्रोवर विजय चिलाना , नौनी ग्रोवर, आदि सैकड़ो भक्तों ने बाबा के दरबार मैं पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पर्यटकों का तिलक लगाकर किया भव्य स्वागत

## मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन से टूर पैकेज पर पहुंचे 281 पर्यटक माँ पूर्णागिरी मन्दिर रवाना





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् देहरादून द्वारा आईआरसीटीसी के सहयोग से देश में प्रथम बार उत्तराखण्ड के विभिन्न अल्पज्ञात गंतव्यों को टूर पैकेज के माध्यम से जोडते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन (भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन) संचालित की गई। जानकारी देते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रथम टूर पैकेज पूणे से प्रस्थान कर 24 अप्रैल को टनकपुर पहुंचा, टनकपुर में पर्यटकों का तिलक लगाकर फूल मालाओं से अतिथि देवो भवः की परम्परा को आगे बढाते हुए उत्तराखण्ड की सस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम कर भव्य स्वागत किया। जिसमें दो ग्रुप शामिल है ग्रुप ए में 129 एवं ग्रुप बी में 152 पर्यटक कुल 281 पर्यटक शामिल है। उन्होने बताया कि ग्रुप ए द्वारा टनकपुर से माँ पूर्णागिरी मन्दिर को प्रस्थान कर भीमताल से अल्मोड़ा, जागेश्वर, पिथौरागढ़, लोहाघाट चम्पावत होते हुए वापस टनकपुर पहुचेगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि ग्रुप बी के 152 पर्यटक टनकपुर से नानकमत्ता पहुंचे। तत्पश्चात् श्री नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा समिति के प्रभारी प्रबंधक संत बाबा श्री सुखविंदर सिंह भुल्लर सहित समिति के समस्त सदस्यों द्वारा पर्यटकों का उत्साहपूर्वक व आदर के साथ स्वागत अभिनन्दन किया गया। समस्त पर्यटकों ने भी प्रसन्नतापूर्वक उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौन्दर्यता की प्रशंसा की। उन्होंने बताया पर्यटक नानकमत्ता साहिब दर्शन, नानकसागर डैम भ्रमण एवं लंगर का प्रसाद ग्रहण कर भीमताल को रवाना हुए। उन्होने बताया ग्रुप ए पूर्णागिरी धाम से लोहाघाट, पिथौरागढ़, जागेश्वर, अल्मोड़ा व भीमताल होते हुए 30 अप्रैल को नानकमत्ता साहिब में दर्शन करते हुए वापस टनकपुर को प्रस्थान करेंगे। पर्यटकों के स्वागत स्थल पर आई.आर.सी.टीसी. के प्रबंधक दिनेश यति, आलोक सिंह परमार, 20 क्रू सदस्य, श्री नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा समिति के सम्मानित सदस्य शमशेर सिंह, मनजीत सिंह, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, गणमान्य नागरिक, स्थानीय पुलिस (एल.आईयू.) चिकित्सक टीम अन्य सम्मानितगण उपस्थित थे।

## अलीगंज अड्डे पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

काशीपुर। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी में तैनात एस आई कंचन पलड़िया ने ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है। दारोगा ने कांस्टेबल देवानंद समेत अन्य पुलिस कर्मियों को साथ लेकर अलीगंज



अड्डे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम के द्वारा किए गए वाहन चेकिंग अभियान से लोगों में हड़कंप मच गया। एस आई पलड़िया ने बताया कि बगैर हेलमेट यदि कोई भी वाहन चालक सड़क पर फर्राटा भरते पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा ट्रिपल राइडिंग करने वालों को भी दारोगा ने तल्ख नसीहत दी। चेकिंग अभियान के दौरान अलीगंज रोड पर पुलिस टीम ने विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में दर्जनों दो पहिया वाहनों के चालान काटे। कुछ वाहनों के दस्तावेज नदारद होने पर पुलिस द्वारा उन्हें सीज करने की कार्यवाही के लिए चौकी भेज दिया गया।

## मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके। परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है। उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओ को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है।संत निरंकारी मिशन नैनीताल जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्ति जसबिंदर जी ने बताया कि संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में



रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसी क्रम में संत निरंकारी मिशन हल्द्वानी के तत्वधान में प्रात : 9 बजे से एक विशाल रक्तदान का आयोजन संत निराकरी सतसंग भवन गोजाजाली, बरेली रोड में किया गया। जिसमे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल एंव सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय की ब्लड बैंकों के टीमों द्वारा 150 यूनिट रक्त निरंकारी मिशन हल्द्वानी के साथ संगत के मेंबर सेवा दल के भाई बहनों व शहर के नागरिकों द्वारा रक्तदान करके किया गया। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जाँच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है। अंत में संत निरंकारी मिशन हल्द्वानी ब्राच के इंचार्ज आनंद सिंह नेगी द्वारा रक्तदान शिविर में आये हुए मिशन के साथ संगत व सेवा दल के भाई बहनों व एसएनसी एफ वोलाट्रीयों व शहर में नागरिकों द्वारा शिविर में रक्त दान करने हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन व शहर के गण माननीय लोगों दिए गए सहयोग का धन्यवाद किया।

## डॉक्टर रूम से बैग चुराने वाला दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुशीला तिवारी चिकित्सालय के डॉक्टर्स रूम में रखे इलैक्टॉनिक्स गैजेट बैग पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक नशे का आदी है और वह नशे की लेटबपुरी करने के लिए चोरी करता है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को वादी डा. राहुल बिष्ट मेडिसन विभाग डा. सुशीला तिवारी अस्पताल द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा डा सुशीला तिवारी अस्पताल में डॉक्टर्स रूम में उनके बैग में रखे सैमसंग टेबलेट एलजी विंग मोबाईल, पावर बैंग इनटैक्स कम्पनी, पावर बैंक ओम्ब्रेन कम्पनी, रेडमी मोबाइल फोन, आईफोन चार्जर मय लीड, आईफोन लीड सी पिन लीड, स्मार्ट वॉच बिना पटे की गोल्डन रंग, पल्स ऑक्सीमीटर आदि सामान चोरी कर लिया गया है। मामले की विवेचना



उनि प्रवीण कुमार द्वारा सम्पादित की गई। मामले के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु सीसीटीवी में नियुक्त हेका इसराज अहमद की मदद से सीसीटीवी फुटेज खँगालकर एवं सुरागरसी करते हुए एफटीआई मोड रामपुर रोड से अभियुक्त अरूण पाठक को मोटर साईकिल संख्या यूके 04 एएल 9652 मय चोरी किया गया बैग सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अरूण पाठक पुत्र गोप पाठक निवासी मानपुर पश्चिम देवल चौड़ बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि प्रवीण कुमार चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज, कानि. अनिल जौहरी, मौ. फहीम शामिल थे।

## दोस्त पर फायरिंग करने वाले दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आईपीएल टीम बनाने को लेकर उपजे विवाद में अपने ही दोस्त पर तमंचे से फायर कर देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को सुशील कुमार मौर्य पुत्र किशन मौर्य निवासी आनन्दपुर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भतीजे वेदान्त मौर्य को जान से मारने की नियत से गोली मारकर घायल कर दिया



गया है।मामले की विवेचना उनि दीपक बिष्ट द्वारा की जा रही है। गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश, सुरागरसी करते हुए बेलबाबा मन्दिर के समीप मोतिया लाईन के पास रामपुर रोड से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता किशन ठाकुर उर्फ बब्लू पुत्र स्व. कविराज ठाकुर निवासी ढालीपुर ढकरानी थाना विकासनगर देहरादून व सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. करन शाही निवासी सूर्य विनायक वार्ड 05, सूर्य विनायक जिला भक्तपुर काठमांडू नेपाल बताया। दोनों ने पुलिस को बताया बताया कि सुशील मौर्य हमारा दोस्त था जिसके घर आना जाना रहता था। 20 अप्रैल को आईपीएल में टीम बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। जिस कारण मारपीट व गुस्से में आकर हम लोगो ने तमंचे से फायर कर दिया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि दीपक बिष्ट,चौकी प्रभारी टीपीनगर, हेकानि. दिगंबर सनवाल, कानि. अनिल टम्टा शामिल थे।

## पर्यटन सीजन को लेकर डीएम ने दिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नैनीताल कार्यालय सभागार में पर्यटन सीजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं के संबंध में हित धारकों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्किंग, जाम की समस्या, निजी वाहनों के टैक्सी प्रयोग में प्रतिबंध, मार्गों अतिक्रमण और सड़कों में अवैध तरीके रेता बजरी हटाने आदि को लेकर चर्चा की गयी। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि नगर में सीजन के दौरान जाम की समस्या बनी रहती है। इसके लिए मैट्रोपोल में पार्किंग, पाइंस आईटीआई, रूसी बाई पास, नारायण नगर और विभिन्न स्थानों पर निजी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीजन के दौरान अन्य राज्यों से आने की वाले वाहनों जिन्होंने होटलों में पंजीयन नहीं कराया है ऐसे वाहनों को रूसी बाई पास, नारायण से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल में आएंगे। साथ ही मॉल रोड – जू मार्ग में जाम की समस्या नहीं हो इसके लिए जिला अधिकारी ने पुलिस प्रशासन से जू शटल सेवा के लिए 4 से अधिक वाहन खड़े नहीं और साथ ही मॉल रोड, दुकानों के आस पास आढ़े तिरछे वाहनों के चालान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मॉल रोड में कार्य में प्रगति लाने, आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने बताया कि कैंची धाम, भवाली, भीमताल आदि मार्गों जाम की समस्या होने पर बाहरी वाहनों को सेनिटोरियम–नैनीबैंड बाई पास में पार्किंग व्यवस्था की कराई जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की 63 सड़कों, गलियों और अन्य मार्गों का चिन्हित किया गया। जिसमें सड़कों का चौड़ीकरण, विद्युत की व्यवस्था, सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। पार्किंग स्थलों में यात्रियों के बैठन, टैक्सी दरों का प्रर्दशन, पार्किंग स्थलों के आस पास साइनेजों की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को मैट्रोपोल कूड़ा निस्तारण के लिए 10 दिन के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा,एसडीएम प्रमोद कुमार, आरटीओ नंद किशोर समेत टैक्सी यूनियन, होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ईलाज की जांच और दवाएं

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, विस्तृत और व्यावहारिक बनाने की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद हकीकत यही है कि बहुत सारे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। सामान्य बीमारियों में भी चिकित्सक इतनी तरह की जांच और दवाएं लिख देते हैं कि उसका खर्च उठाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होता है। जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आइएमए से मरीजों को दी जाने वाली महंगी और गैरजरूरी दवाओं तथा अनैतिक कृत्यों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, आइएमए ने ही पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने पर मुकदमा दायर किया था। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार को आइएमए कितनी गंभीरता से लेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, हमारे यहां चिकित्सा व्यवस्था में मनमानी की परत-दर-परत चढ़ती गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लचर होने की वजह से निजी चिकित्सा व्यवस्था लगातार मजबूत होती गई और अब वह एक प्रकार के बड़े दबाव समूह के रूप में काम करने लगी है। उसमें दवा बनाने और जांच करने वाली कंपनियों का भी गठजोड़ है। आइएमए से अपेक्षा की जाती है कि वह चिकित्सा जगत में चल रही अनियमितताओं पर नजर रखे और उन्हें दूर करने का प्रयास करे, मगर वह खुद इनके लिए एक प्रकार का सुरक्षा कवच तैयार करता नजर आता है। नहीं तो, क्या वजह है कि अनावश्यक दवाएं, जांच लिखी और बेवजह मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा जाए। अनेक निजी अस्पतालों में इलाज पर आए खर्च को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आखिर चिकित्सा व्यवस्था को इतनी महंगी और आम जन की पहुंच से दूर क्यों होना चाहिए। अगर सचमुच आइएमए को लोगों की सेहत और सही चिकित्सा की परवाह है, तो उसे आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे इलाज की चिंता क्यों नहीं होनी चाहिए।

# आरक्षण के हकदार और सरोकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्म के आधार पर पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करने के संविधान विरोधी प्रयासों पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस के तुष्टिकरण के प्रयासों पर सीधी लकीर खींचते हुए मोदी ने कांग्रेस से सवाल किया है कि 'क्या कांग्रेस यह एलान करेगी कि वे संविधान में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी ? 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तब उसके सबसे पहले किए गए कार्यों में से एक आंध्रप्रदेश में एससी व एसटी आरक्षण को कम कर इस कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास था। कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति की रही है। यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004 से 2010 के बीच में कांग्रेस ने चार बार आंध्रप्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोषिष की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए ? साथ ही उन्होंने एक बार फिर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोशणा-पत्र में लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों को बांटने की साजिश रची है। मोदी ने कांग्रेस पर यह अत्यंत तल्ख टिप्पणी राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी जनसभा में कही। प्रधानमंत्री ने टोंक की जनसभा में आरक्षण को लेकर जो टिप्पणी की है, वह संपूर्ण सत्य है। अल्पसंख्यका बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की केंद्र सरकार की मंशा रही थी। लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के चलते इस मंषा को पलीता लग गया था। इस आरक्षण को लेकर आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के बाद देष की सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए आंध्रप्रदेष उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध दायर आपील को खरीज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेष चाहती थी। इस मंषा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से यह और स्पश्ट करने को कहा था कि वह बताए की उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया ? कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह तो कोटे में उप कोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा। दरअसल आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट ने धर्म के आधार पर' आरक्षण का लाभ संविधान के विरुद्ध बताया था। वर्तमान में दिसम्बर 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन केंद्र सरकार ने कुटिल चतुराई से ओबीसी के कोटे में खासतौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया था। इसे आंध्र उच्च न्यायालय ने अस्वीकारते हुए साफ किया था कि कोटा के अंतर्गत उप कोटा दिए जाने का प्रावधान अल्पसंख्यकों को लुभाने के लिए दिया गया है। इसे कानूनी रूप देते हुए कहा गया है कि 'अल्पसंख्यकों से संबंधित' और 'अल्पसंखयकों के लिए' जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया है वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था। क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था। बहरहाल न्यायालय के फैसले के बाद कांग्रेस का मुस्लिमों को लुभाने वाले नुस्खे पर पानी फिर गया था। वंचित समुदाय वह चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण उनको बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है, क्योंकि किसी भी बदहाली की सूरत, अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती ? खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं उनको हासिल करना मौजूदा दौर में केवल पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालात करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिर्पाट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे ? यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी। यह सही है कि हमारे देश में आज भी धर्म और जाति आधारित भेदभाव बदस्तूर हैं। जबकि संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट इसी भेद को दूर करने की पैरवी करती है। वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है। परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केन्द्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं। इस नाते 'अल्पसंख्यक श्रेणी' का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है। यहां तक कि आर्थिक रूप से कमजोर जैन धर्मावलंबियों के बच्चों को छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाती हैं। अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का आधार जिस मिश्र आयोग को बनाया गया था, उसका गठन 'जांच आयोग के तहत' नहीं हुआ था। दरअसल इस रपट का मकसद केवल इतना था कि धार्मिक व भाषाई अल्पसंख्यकों के बीच आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर व पिछड़े तबकों की पहचान कर अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण सहित अन्य जरूरी कल्याणकारी उपाय सुझाये जाएं। जिससे उनका सामाजिक स्तर सम्मानजनक स्थिति हासिल कर ले। इस नजरिये से सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यकों का औसत अनुपात बेहद कम है। गोया संविधान में सामाजिक और शैक्षिक शब्दों के साथ 'पिछड़ा' शब्द की शर्त का उल्लेख किये बिना इन्हें पिछड़ा माना जाकर अल्पसंख्यक समुदायों को 15 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसमें से 10 फीसदी केवल मुसलमानों को और पांच फीसदी गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को दिए जाने का प्रावधान तय हो। शैक्षिक संस्थाओं के लिए भी आरक्षण की यही व्यवस्था प्रस्तावित की गई थी। यदि इन प्रावधानों के क्रियान्वयन में कोई परेशानी आती है तो पिछड़े वर्ग को आरक्षण की जो 27 प्रतिशत की सुविधा हासिल है, उसमें कटौती कर 4.5 प्रतिशत की दावेदारी अल्पसंख्यकों की तय हो ? हालांकि वर्तमान में कुछ राज्यों में अल्पसंख्यक समुदायों को आरक्षण की सुविधा दी जा रही है। चूंकि सच्चर समिति की रिपोर्ट मिश्र आयोग के गठन से पहले आ गई थी इसलिए इस रिपोर्ट को विपक्ष सच्चर समिति को अमली जामा पहनाने के रूप में भी देखा था। सच्चर और मिश्र रिपोर्टों में फर्क इतना है कि सच्चर का आंकलन केवल मुस्लिम समुदाय तक सीमित था, जबकि मिश्र आयोग ने सभी अल्पसंख्यक समुदायों और उनमें भी दलितों की बदहाल स्थिति का ब्यौरा दर्ज किया है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

## रामनगर से लखनऊ के लिए सप्ताह में 2 दिन चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

रामनगर(उद संवाददाता)ग्रीष्मकालीन स्कूली बच्चों की छुट्टी को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अलग-अलग स्थान से समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है तथा इस समय स्पेशल ट्रेन की रामनगर के लोगों को भी सौगात मिली है। आपको बता दें कि रेलवे विभाग द्वारा 26 अप्रैल से 29 जून तक दो माह के लिए रामनगर से लखनऊ को सप्ताह में 2 दिन यह स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी रामनगर से यह ट्रेन सप्ताह में शुक्रवार एवं शनिवार को सुबह 9:15 बजे ट्रेन संख्या 05043 रामनगर से लखनऊ के लिए रवाना होगी तथा यह ट्रेन शाम को 7:15 पर लखनऊ पहुंचेगी। तथा उसी रात ट्रेन संख्या 05044 रात 9:15 पर लखनऊ से रामनगर के लिए रवाना होगी तथा अगले दिन सुबह 7:15 पर रामनगर पहुंचेगी। रामनगर के लोगों ने सप्ताह में 2 दिन रामनगर से लखनऊ चलने वाली ट्रेन के लिए अधिकारियों को आभार जताते हुए कहा कि निश्चित तौर पर रामनगर के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा तथा पूर्व में भी यह ट्रेन चलाई जाती थी लेकिन किन्हीं कारणों से बंद कर दी गई थी तथा लोगों का यह भी कहना है कि रामनगर के साथ ही पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा तथा इसके साथ ही जो श्रद्धालु अयोध्या में रामलाल के दर्शन करना चाहते हैं। उनको भी इस ट्रेन का लाभ मिलेगा लखनऊ से सीधे अयोध्या के लिए भी ट्रेन का सफर आसान होगा।

# वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ करें एफआईआर : रावत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखने के साथ ही वनों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश आयुक्त दीपक रावत ने वीसी के माध्यम से मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पी.के. पात्रों को दिये। आयुक्त ने कहा कि वनाग्नि घटना की सूचना मिलती है, उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए. जिसका रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। मौजूदा समय में कुमाऊं के कई क्षेत्रों में जंगल आग की चपेट में हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को वनाग्नि की रोकथाम के संबंध में स्थानीय स्तर पर प्रभारी वनाधिकारी के स्तर पर अधिकार नामित करने के साथ ही लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में आग लगी है उन स्थानों पर अधिक से अधिक फायर वाचर तैनात किये जाएं ताकि आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा जिन क्षेत्रों में आग लगी है, सम्बन्धित क्षेत्रों के फायर वाचर एवं वन रक्षक अवश्य उन क्षेत्रों उपस्थित रहें, अपने कार्यक्षेत्र में लापरवाही ना बरतें। उन्होंने निर्देश दिये कि जानबूझकर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वीसी में सीसीएफ पीके पात्रो ने कहा कि प्रत्येक रेंज हेतु एक-एक वाहन महुया करा दिया गया है जिन स्थानों पर फायर वाचरों की कमी है सभी डीएफओ को निर्देश दिये हैं कि फायर वाचरों की तैनाती अपने स्तर से करने के निर्देश दे दिये हैं। वीसी में सीसीएफ ने बताया कि उन्हें पीआरडी एवं होमगार्ड के साथ ही स्थानीय लोगों की आवश्यकता है। आयुक्त ने कहा कि जिला स्तर से पीआरडी एवं होमगार्ड की तैनाती शीघ्र कर दी जायेगी। जिन क्षेत्रों में आग लगी है आग बुझाने हेतु ग्राम विकास अधिकारी द्वारा स्थानीय लोगों की सीजनली तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा मेन सडक के आसपास आग लगने पर फायर ब्रिगेड की तैनाती भी की जायेगी। आयुक्त ने कहा कि वन क्षेत्र अति संवेदनशील व संवेदनशील हैं, साथ ही आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं, इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। वीसी में प्रभागीय वनाधिकारी टीआर बीजू लाल, डा0 विनय कुमार भार्गव के साथ ही सम्बन्धित क्षेत्रों के वनाधिकारी उपस्थित थे।



## रामनगर में निकली खाटू श्याम की विशाल निशान शोभा यात्रा

रामनगर(उद संवाददाता)। गुरुवार को रामनगर में बाबा मोटेश्वर सेवा दल एवं खाटू श्याम मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में भवानीगंज स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर से बाबा खाटू श्याम की निशान शोभा यात्रा नगर में पूरे उल्लास के साथ निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर झूमते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम आयोजन नगर पालिका के पूर्व सभासद शिवि अग्रवाल ने बताया कि 22 वर्षों बाद नगर में इस यात्रा का आयोजन किया गया है जिसको लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला है उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा का समापन कोसी रोड स्थित पायते वाली रामलीला प्रांगण में किया गया उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आज शाम को इसी रामलीला प्रांगण में भजन सम्राट नंदकिशोर भैया जी एवं प्रमोद त्रिपाठी द्वारा बाबा श्याम के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी तथा इसके उपरांत श्याम रसोई विशाल भंडारे प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



# पांव से ऑपरेशन के बाद युवक की मौत

सितारगंज। पांव में डाली गई स्क्रू रॉड निकालने के बाद युवक की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शक्तिफार्म के निर्मलनगर निवासी 29 वर्षीय मुकेश मंडल पुत्र गौर मंडल में 2 साल पूर्व हल्द्वानी में पांव का ऑपरेशन कराया था। मुकेश मंडल के भाई विशाल मंडल ने आरोप लगाया कि 23 अप्रैल को क्षेत्र के एक अस्पताल में पांव में डाली गई स्क्रू रॉड को निकालने के लिए चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। इसके बाद परिजन मुकेश मंडल को घर ले गए। जहां मुकेश मंडल को शारीरिक दिक्कतें होने लगी। मुकेश मंडल को फिर अस्पताल में दिखाया गया जहां डॉक्टरों ने दूसरी जगह ले जाने की सलाह दी। रास्ते में मुकेश मंडल ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने मुकेश मंडल के इलाज में लापरवाही की है। पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

# वाहन चोरों ने दो बाईक उड़ाईं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से दो मोटरसाईकिलें चोरी कर लीं। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रदीप कुमार पुत्र प्रेम लाल निवासी प्रेम नगर, जगतपुरा का कहना है कि उसने 21अप्रैल की रात्रि अपनी बाइक संख्या यूके 06ए 3057 घर के बाहर लॉक लगा कर खड़ी की थी। जहां दो अज्ञात व्यक्ति आये और उसकी बाईक का लॉक तोड़ चोरी कर ले गए। वहीं श्रीमती सीमा कौर पत्नी कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम कैथुलिया, नानकमत्ता का कहना है उसका वाहन संख्या यूके 06 एएक्स 3830 है। 18 अप्रैल की दोपहर उसका देवर परमजीत सिंह पुत्र गुरमेज सिंह निवासी कैथुलिया, नानकमत्ता उसकी उक्त मोटर साईकिल को लेकर किसी काम से आवास विकास, रूद्रपुर मे स्थित बैंक ऑफ इण्डिया आया था। मोटर साईकिल को बैंक के बाहर खड़ा करके बैंक के अन्दर चला गया। जब देवर बैंक से बाहर आया, तो देखा उक्त मोटर साईकिल अपने स्थान पर नहीं है। काफी तलाश करने के बाद भी मोटर साईकिल नहीं मिली। कोई अज्ञात चोर उक्त मोटर साईकिल को चुराकर ले गया है। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक पर चाकू से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों दोस्त के साथ जाते युवक पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गौरव निषाद पुत्र राजकुमार निषाद - आई ब्लॉक ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 21 अप्रैल को रात्रि वह स्कूटी पर सवार होकर मुखर्जी नगर के रास्ते आवास विकास की ओर जा रहा था। उसके साथ मित्र विनीत रॉय था। मुखर्जी नगर में स्थित पुल से पहले दोनों को हेमन्त, अभिजीत, सुखदेव, अमन ने घेर लिया तथा गालियां देते हुए लात-घूंसो से जमीन पर गिराकर मारापीटा एवं जान से मारने की नियत से उसके सर व पेट पर चाकू के वार किया। जिससे उसे खुली गम्भीर चोट आयी है एवं मित्र के शरीर पर हल्की फुलकी चोट आयी है। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। जैसे तैसे हम अपनी जान बचाकर वहां भागे। मैंने जवाहर लाल नेहरु जिला चिकित्सालय जाकर अपना मेडिकल कराया। उक्त लोगों से हमे जान का खतरा है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों के विरोध पर भूमि की हदबंदी करने पहुंची टीम बैरंग लौटी





गदरपुर(उद संवाददाता)। करीब 50 वर्षों से वर्ग 4 की भूमि पर खेती कर रहे किसानों की दलीलों को दरकिनार कर राजस्व विभाग की टीम भूमि की हदबंदी करने पहुंच गई जिस पर टीम को ग्रामीणों और किसानों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता के चलते उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सभी पक्षों को सुनने के बाद 20 दिन के अंदर सक्षम न्यायालय का आदेश न दिखाने पर हदबंदी की कार्यवाही करने पर सहमति जताई गई, जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम बिना हदबंदी किए वापस लौट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेमपुर निवासी प्रेमचंद और उनके भाई सतपाल भांबरी पिछले 50 वर्षों से खानपुर पश्चिम मार्ग पर करीब 2 एकड़ भूमि पर काबिज चले आ रहे हैं। 10 वर्ष पूर्व प्रेमचंद की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र अजय कुमार, अशोक कुमार और विजय कुमार को पता चला कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने वर्ग 4 के नाम दर्ज भूमि को वर्ग 5 में तब्दील कर दिया है और उक्त भूमि को गदरपुर में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के भवन के लिए स्थानांतरित कर दिया है जिस के संबंध में उनको किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई।बुधवार को उपजिलाधिकारी गौरव पांडेय के आदेश पर तहसीलदार लीना चंद्रा, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डा. शर्मिला सक्सेना और पुलिस टीम के साथ भूमि की हदबंदी करने के लिए पहुंच गए। टीम के पहुंचने की जानकारी होने पर किसान परिवार के तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए और हदबंदी के कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया। काबिज किसानों का कहना था कि तहसील प्रशासन मनमाने तरीके से भूमि की हदबंदी कर रहा है जबकि उनका यह वाद न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने राजस्व कर्मियों से आदेश की प्रति दिखाने को कहा तो राजस्व कर्मचारी टालमटोल करने लगे जिससे ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच भारी संख्या में पुरुष और ग्रामीण महिलाएं भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने धरना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्नराम आर्य के अलावा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविन्दर सिंह कलसी और ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र कंबोज भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप जिलाधिकारी पांडेय ने किसानों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया और हदबंदी करने की बात कही लेकिन किसानों और ग्रामीणों ने खेतों में बैठकर विरोध शुरू कर दिया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद किसानों के कुछ दिनों की मोहलत मांगने पर उप जिलाधिकारी पांडेय ने किसानों से लिखित में 20 दिन के अंदर सक्षम न्यायालय का आदेश न दिखाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने पर सहमति जताई। इस दौरान अशोक भांबरी, विजय कुमार, राजेश कुमार, उत्तमचंद, मनोहर लाल, सतपाल मैनी, रमेश कुमार, संजय कुमार, सुभाष कुमार, श्वेता रानी, कैलाश रानी, अनिता रानी, रेखा रानी, महिमा आदि तमाम ग्रामवासी और किसान मौजूद थे।

# युवती ने लगाया मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप

लालकुंआ। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पश्चिमी घोड़ानाला निवासी एक युवती ने लालकुआं नगर में स्थित ग्रीन सीटी पैथोलॉजी लैब की संचालिका एंव उसके पति तथा उसके कर्मचारी पर कमरे में बंद कर मारपीट छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।पीड़ित युवती की माँ ने बिन्दुखत्ता चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रहीं है।इस घटना से पीड़िता के घर में डर का भय बना हुआ है। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पश्चिमी घोड़ानाला निवासी सोहनी देवी ने बिन्दुखत्ता पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि लालकुआं नगर स्थित ग्रीन सीटी पैथोलॉजी लैब की संचालिका के पति बंसत लोहनी जोकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालकुआं में कार्यरत हैं जिनकी पत्नी प्रिया लोहनी जो ग्रीन सीटी लैब पर बैठती है तथा उसका संचालन करती है तथा लैब के कर्मचारी अर्जुन एवं बंसत लोहनी ने अपनी लैब के अंदर बन्धक बनाकर उसकी बेटी के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की साथी ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इधर सोहनी देवी ने बताया कि उसकी बेटी किरन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत बंसत लोहनी की ग्रीन सीटी पैथोलॉजी लैब लालकुआं में नौ माह तक काम किया जिसका मात्र 2 हजार रूपये प्रतिमाह वेतन उसकी बेटी को दिया जाता था। जिसपर उनके द्वारा सूबह 8 बजे से सांय 7 बजे तक काम कराया जाता था।



इसी बीच बीते छः माह पूर्व ही उसकी बेटी किरन ने वहाँ से नौकरी छोड़ दी।अब वह अपने घर के पास दो किलोमीटर घोड़ानाला स्थित एक दूकान में काम करती है। विगत दिनों फरवरी माह की 18 तारीख को उसकी बेटी लैब में कार्यरत कर्मचारी अर्जुन के बुलाने पर लैब पर गई और कुछ देर बाद वापस आ गई जिसके बाद मार्च की 3 तारीख को लैब स्वामी बंसत लोहनी की पत्नी प्रिया लोहनी और लैब कर्मचारी अर्जुन दुकान पर उसकी बेटी के पास आए और बोले की लैब पर जरुरी काम है तु हमारे साथ चल अभी यही छोड़ देंगे जिसपर किरन बिना कुछ सोचे समझे तथा बिना किसी को बताएं उनके साथ चली गई जैसे ही लैब के अंदर गयी तो वह पहले से मौजूद लैब बंसत लोहनी,उनकी पत्नी प्रिया लोहनी और लैब कर्मचारी ने किरन के साथ मारपीट, छेड़छाड़ी करना शुरू कर दिया।इस दौरान उन्होंने किरन को जमकर पीटा तथा जब किरन चिल्लाने लगी तो उसे मुंह को हाथ से दवा दिया इतना ही नहीं उन्होंने उसे दो घंटे तक रस्सी से बाधकर रखा। इसी दौरान उन्होंने एक विडियो भी बनाया कहा कि किसी को इस बारे में बताया तो तुझे जान से मार देगें तथा तेरे परिवार को भी उठाकर लें जायेंगे हमारी थाने में अच्छी पकड़ है। उन्होंने मेरी बेटी किरन पर चोरी का झूठा आरोप लगा कर उसके फर्जी कागज में हस्ताक्षर भी कराएं इस घटना से पूरा परिवार डरा हुआ है। पीडिता की माँ सोहनी देवी ने बिन्दुखत्ता चौकी में जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## इन्द्रजीत के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी संगठन के अध्यक्ष मानसिंह ग्रोवर ने इन्द्रजीत सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि स्व. इन्द्रजीत समाज की समस्याओं का सरल तरीके से समाधान करते थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में नरेश सेठ, सतपाल बजाज, अशोक गुम्बर व तारा सिंह फौजी आदि शामिल हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
अंगरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

हल्द्वानी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किम फ्यूचर विजन सर्विसेज एण्ड डेवलपर्स लि0 सेक्टर कॉर्मिशियल स्टटीज लिमिटेड के मालिक, निदेशक, एरिया मैनेजर, शाखा मैनेजर सहित 5 लोगों के खिलाफ धोखधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोप है कि उक्त लोग कंपनी में जमा कराए गई लाखों रूपए की धनराशि हड़प ली है। रेनू लटवाल पत्नी राजेन्द्र सिंह लटवाल निवासी हाथीखाल गौरापड़ाव, पोस्ट अर्जुनपुर हल्द्वानी ने द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट में वाद दायर किया था कि उसने कपिल कॉम्पलैक्स मुखानी स्थित किम फ्यूचर विजन सर्विसेज एण्ड डेवलपर्स लिमिटेड सेक्टर कॉर्मिशियल स्टटीज लिमिटेड कंपनी में 2010 से 2017 तक 15 लाख रूपए की धनराशि आरडी/एफडी के माध्यम से जमा की थी। 2018 में जब उसकी पॉलिसी परिपक्व हो रही थी तभी कंपनी के लोग लोगों द्वारा जमा की गई धनराशि लेकर यहां से फरार हो गए। असारोप है कि कंपनी में नीमा बिष्ट, पार्वती बिष्ट, भुवन जोशी, मोहन लाल, चंदा देवी आदि ने भी पॉलिसी के तहत धनराशि जमा की थी। जब उन्होंने कंपनी के डायरेक्टर जगमोहन सिंह से बात की तो उसने बताया कि उनकी सीएमडी से बात चल रही है और उनकी धनराशि वापस कर दी जाएगी। महिला का कहना है कि कंपनी के निदेशक जगमोहन ने सीएमडी से बात कर अपने रिश्तेदारों की धनराशि वापस दिलवा दी है। इतना ही नहीं उसने खुद को बचाने के लिए कंपनी के सीएमडी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है लेकिन उसकी धनराशि वापस नहीं दिलवाई। मामले की शिकायत हल्द्वानी कोतवाली में की गई लेकिन कोतवाली पुलिस ने भी आला अधिकारियों के पास जाने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। एसएसपी कार्यालय में भी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद वह न्याय के लिए न्यायालय की शरण में पहुंची। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने कंपनी के मालिक रविन्द्र सिंह सिद्धू, डायरेक्टर जगमोहन सिंह, एरिया मैनेजर अनिल कुमार सिंह, शाखा मैनेजर इमरान के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है।

## पेज एक का शेष...

**आरक्षण के इंतजार में .....**छोड़ भाजपा में शामिल के0 डी0 गहतोड़ी,उमेष अग्रवाल, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह विष्ट का नाम चर्चा में है। पिछड़ी जाति की सीट आने पर निर्वतमान चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना प्रमुख दावेदार माने जा रहें है। नगर पंचायत नानकमत्ता में जनजाति समाज का वोटर काफी मायने रखता है ,जिनकी अच्छी खासी आबादी है, जन जाति सीट आने पर निवर्तमान सभासद भाजपा के युवा नेता जितेन्द्र राणा जीतु,रन्जीत राणा, भाजपा नेता पवन राणा, तपेड़ा के ज्ञान सिंह राणा की प्रमुख दावेदारी है। महिला जनजाति सीट पर पूर्व प्रधान अनुराधा राणा का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। अनुसूचित जाति सीट आने पर समीकरण बदल सकते है। निवर्तमान चेयरमैन जिन्होंने अभी से नगर पंचायत चुनाव की तैयारी करते हुये अपने क्षेत्र में सम्पर्क करना शुरू कर दिया है और कार्यकाल खत्म होने के बाद लगातार सम्पर्क बनाकर अपनी दावेदारी को पुख्ता किये हुये है।

**दवा लेकर लौट रहे व्यापारी ........**खड़े हुए थे। जो उसे देखकर बोले घूर कर क्यों देख रहा है। तभी उनमें से एक युवक ने गाली गलौच करते हुए तमंचा निकालकर उस पर फायर झोंक दिया। जिस पर उसने कर्मचारियों सहित भागकर अपनी जान बचाई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की पूछताछ जारी थी।मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

**ससुर ने दामाद पर किया.........**पानी की टंकी के पास उसके ससुर दो मोटर साईकिल पर 4 लड़कों के साथ सवार होकर आए। आकाश का आरोप है कि ससुर ने उसका टैम्पू रूकवाकर उसे घेर लिया तथा गालियां देते हुए बुरी तरह से जमीन पर गिराकर मारापीटा। ससुर के साथ में आए लड़कों में से एक उसे चाकू मारने का प्रयास कर रहा था। जैसे तैसे वह टैम्पू लेकर जान बचाकर भागा अन्य ये लोग उसे जान से मार देते।

**फोरेंसिक लेब हेड ..........**का 24 वर्षीय पुत्र धीरज शरण गत 16 अप्रैल को हल्द्वानी में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालत में सुधार न होने पर उसे उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। जहां गत रात्रि धीरज ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। धीरज के निधन का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस महकमें में भी शोक की लहर व्याप्त हो गई। आज स्व. धीरज का रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जहां रूद्रपुर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,बिथरी चैनपुर के पूर्व विधायक पप्पू बडतौल,जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के पति सुरेश गंगवार, हरीश सेतिया, सतनाम सिंह, ललित सिंह बिष्ट सहित कई पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में लोगों ने स्व. धीरज को अंतिम विदाई दी। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिये घर पर लोगों का तांता लगा हुआ है। उनके आवास पर पहुंच कर लोग शोक व्यक्त कर रहे है।

**टेम्पों की टक्कर से स्कूटी...........**आनन्द सिंह ने अचानक टेम्पों का स्टेयरिंग घुमा दिया। जिससे टेम्पो चालक ग्राम संडिया रामपुर निवासी बंटी पुत्र भगवान दास वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और टेम्पो अनियंत्रित होकर अनिल कीं स्कूटी से तेजी से जा टकराया। इस दुर्घटना में अनिल सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। जबकि चालक बंटी व नशेड़ी कर्मी हेमराज को मामूली चोटें आ गईं। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर आ गये। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां अनिल की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

**पीएम मोदी और राहुल...........**ने इस दौरान पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के एक पुराने बयान का जिक्र किया, जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। इस मामले में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से अपील की थी कि पीएम मोदी का बयान विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण है और यह आचार संहिता का साफ उल्लंघन है। कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग से 140 पेज में 17 शिकायतें की। भाजपा ने भी 22 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में भाजपा ने कहा था कि राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने का झूठा वाद कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी ने भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में विभाजन पैदा करने और चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ..........**जगदीप धनखड़ एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने नवीन कार्यकाल हेतु शपथ ग्रहण करने पर राज्यसभा सदस्य के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित उत्तराखंड के संकल्प हेतु पूरी लगन से कार्य किया जायेगा।

# डीएम ने समूह ग की परीक्षा को लेकर दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सचिव लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह ग) लिखित परीक्षा आगामी 27, 28 व 29 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जायेंगी, प्रथम पाली 27 अप्रैल को 09 बजे से 11 बजे तक व द्वितीय पाली 02 बजे से 05 बजे तक एवं 28 अप्रैल व 29 अप्रैल को प्रथम पाली 09 बजे से 12 बजे तक व द्वितीय पाली 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर उदयराज सिंह ने अवगत कराया कि राज्य में सम्मिलित समूह ग की लिखित परीक्षा 27, 28 व 29 अप्रैल को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों - आदर्श राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज पंतनगर, किसान इण्टर कॉलेज लालपुर, विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल गंगापुर रोड, रूद्रपुर, भंजुराम अमर इण्टर कॉलेज भूरारानी, रूद्रपुर, गर्ल्स इण्टर कॉलेज फाजिलपुर महरौला रूद्रपुर, अटल उत्कृष्ट ए. एन. झा राजकीय इण्टर कॉलेज रूद्रपुर, रूद्रपुर इंस्टी0 ऑफ टैक्नोलोजी भगवानपुर, रूद्रपुर, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड, रूद्रपुर, सुपर इण्टर कॉलेज खेड़ा, सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज, कल्याणी व्यू, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज आदर्श कॉलोनी, गोविन्द विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज आदर्श इन्द्रा बंगाली कॉलोनी रूद्रपुर पर आयोजित की जा रही है, जिसे शान्तिपूर्वक ढंग से सुनिश्चित कराया जाना जनहित में आवश्यक है। चूँकि कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की कार्यवाही कर सकते हैं, जिससे परीक्षा के संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, तथा शान्ति भंग हो सकती होने की संभावना हो सकती है। अतः जनहित में शान्ति एवं विधि -व्यवस्था बनाये रखने हेतु तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है। इसी क्रम में परगना मजि0 रूद्रपुर मनीष बिष्ट द्वारा क्षेत्रान्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों पर धारा 144 लगा दी गयी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# काम हुआ नहीं, लाखों के 'शिलापट्ट' हो गये खराब

–मनोज श्रीवास्तव–

रुद्रपुर। उत्तराखंड पेयजल निगम कार्यालय में करोड़ों रूपयों की लागत से संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के लिए तैयार शिलापट्ट अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण धूल फांक रहे हैं। मारवल पत्थरों पर तैयार शिलापट्ट की कीमत लाखों में बताई जा रही है जो अब किसी काम के नहीं रहे। ज्ञातव्य है कि गदरपुर के विधायक एवं तत्कालीन शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे, नैनीताल उधम सिंह नगर के तत्कालीन सांसद बलराज पासी, रुद्रपुर से भाजपा के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल जब कभी सरकार में थे इस दौरान पेयजल निगम की करोड़ों की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने का सरकार द्वारा मंसूबा तैयार किया गया था।लेकिन काम पूरा नहीं होने से इन्हीं योजनाओं के शिलान्यास के लिए पेयजल निगम ने लाखों रुपए खर्च कर महंगे मार्बल के पत्थरों पर पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं तत्कालीन शिक्षा मंत्री समेत ग्राम प्रधानों के नाम अंकित कराए ताकि यह शिलापट्ट कार्यस्थल पर बाकायदा लगाए जाएं। दर्जनों की तादाद में पेयजल निगम कार्यालय में धूल फांक रहे शिलापट्ट बताने के लिए काफी है कि सरकार की उन योजनाओं का क्या हुआ होगा जिसके लिए यह कीमती पत्थर तैयार किए गए थे। मजे की बात तो यह है कि महंगी मार्बल के पत्थरों से तैयार किए गए इन्हीं शिलापट्टों के ढेर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम के भी कई शिलापट्ट रखे हैं। यहां बताना यह भी जरूरी है कि नियम के मुताबिक निर्माण कार्य आरंभ होने के समय ही शिलान्यास की औपचारिकता होती है और इसी समय ऐसे पत्थर भी कार्य स्थल पर लगाए जाते हैं। यहां तो विभिन्न योजनाओं के मद में सरकार द्वारा वर्षों पूर्व धनराशि निर्गत किए जाने के बावजूद शिलापट्ट में पानी की तरह बहाया गया पैसा गैर जिम्मेदारी का जीता जागता सबूत है। उधर दूसरी ओर समाज के प्रबुद्ध तबके से जब इस बारे में बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने सीधे तौर पर शिलान्यास जैसे कार्यक्रमों को कुसंस्कृति करार दिया। कहा कि जब काम होना ही नहीं है अथवा बंदरबांट की स्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसे में शिलान्यास या उद्घाटन जैसी औपचारिकता किसके लिए और क्यों किया जाता है। ऐसे ही पिछले कई वर्षों से जुगाड़ के बूते एक ही स्थान पर जमे पेयजल निगम के अपर सहायक अभियंता अनिल कुमार शुक्ला की पदोन्नति हो गई। वह अपर सहायक अभियंता से सहायक अभियंता बन गए। पदोन्नति के बाद भी श्री शुक्ला का तबादला विभाग द्वारा नहीं किया गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा यह भी है कि विभाग में समय–समय पर होने वाले करोड़ों के टेंडर आदि की प्रकिया में शुक्ला की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जानकार यह भी बताते हैं कि अधिकांश जगह से चढ़ावा शुक्ला के माध्यम चढ़ाया जाता है। सूत्रों से यह भी पता चला है कि अपर सहायक अभियंता रहते हुए शुक्ला द्वारा किए गए कार्यों पर झूठ का आवरण चढ़ाकर उसे हकीकत बनाकर पेश करने की कोशिश की जा रही है।





धूल फांक रहे हैं पेयजल निगम के कार्यालय में पड़े कीमती मारबल पत्थर से बने शिलापट्ट
पूर्व विधायकों के साथ मंत्रियों और मुख्यमंत्री के नाम के भी कई शिलापट्ट किसी काम के नहीं




## एक्स ई एन बोलीं: निर्माण कार्य खत्म होने पर लगाए जाएंगे!

पेयजल निगम की अधिशासी अभियंता (एक्स ई एन) निर्माण शाखा ज्योति पालिनी से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने दलील दी कि जल निगम से संबंधित तमाम कार्य अब भी निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि काम पूरा होने के बाद ऑफिस में रखे शिलापट्टों को कार्य स्थल पर लगाया जाएगा। लेकिन पूरे प्रकरण में मजे की बात तो यह है कि जो जन प्रतिनिधि सरकार में है ही नहीं उसके नाम का लिखा शिलापट्ट आखिर पेयजल निगम कैसे कार्य स्थलों पर लगवा सकता है। या फिर इसके पीछे पर जल निगम के अधिकारियों की कुछ और मंशा थी। मामला जांच का विषय है।

# स्ट्रांग रूम में लगाये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। बगवाड़ा मंडी स्ट्रांग रूम में थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है साथ ही 180 सीसी टीवी कैमरे स्ट्रांग रूम पर पैनी नजर रखे हुए है।उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश कतई न करने के निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिये 04 पुलिस वॉच बनाये गये है, जिसमे सुरक्षा बल 24 घंटे तैनात किये गये है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखने व किसी प्रकार की गतिविधि पाये जाने पर तुरन्त जिला कन्ट्रोल रूम को अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सीसी टीवी कन्ट्रोल रूम में 24–7 अधिकारी तैनात किये गये है। बिना प्रतिस्थानी के उपस्थित के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोडेगें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट आदि मौजूद थे।

## प्रत्याशियों अथवा प्रतिनिधियों के साथ नियमित ईवीएम स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण करने के निर्देश




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आयोग के निर्देशानुसार व गाइडलाइन के अनुसार निर्वाचन अधिकारियों के साथ ही प्रत्याशी अथवा प्रत्याशी प्रतिनिधियों के द्वारा भी स्ट्रांग रूम का नियमित निरीक्षण किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने नैनीताल–ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए सभी प्रत्याशियों व प्रत्याशी प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से नियमित ईवीएम स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अथवा उनके प्रतिनिधि आरओ/एआरओ/उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्ट्रांग रूम की थ्री–लेयर सुरक्षा लगाई गई है। प्रथम लेयर पे अर्धसैनिक बल, द्वितीय लेयर में पीएसी व तृतीय लेयर में पुलिस बल लगाया गया है, साथ ही सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी पैनी नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी का कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमे 24 घंटे अधिकारी तैनात है, प्रत्याशी अथवा उनके प्रतिनिधि प्रतिदिन सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में जाकर स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था कर निरीक्षण का सकते है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट, प्रत्याशी यूकेडी शिव सिंह रावत, भाजपा प्रतिनिधि गजेन्द्र प्रजापति,प्रमोद मित्तल, कांग्रेस प्रतिनिधि सौरव चिनाला सहित सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

